**Need to establish an AIIMS in Jamshedpur, Jharkhand ? Laid**

श्री बिद्युत बरन महतो **(**जमशेदपुर**) :** मेरा विषय झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों, विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर (झारखण्ड) अंतर्गत व्याप्त स्वास्थ्य समस्याओं से सम्बंधित है । मेरा संसदीय क्षेत्र झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल की सीमाओं के पास स्थित है, और यहाँ के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं की भारी कमी का सामना करना पड़ता है । इन क्षेत्रों में बहुसंख्यक आदिवासी और अनुसूचित जाति के लोग रहते हैं, जिनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है । हमारे राज्य में Deoghar में AIIMS अस्पताल है, लेकिन यह जमशेदपुर से लगभग 350 किलोमीटर दूर है, जिससे यहाँ के लोगों के लिए इलाज प्राप्त करना अत्यंत कठिन हो जाता है । यात्रा की दिक्कत और चिकित्सा सहायता की कमी के कारण लोग इलाज के लिए दूर-दूर तक जाते हैं, जो उनके लिए आर्थिक और शारीरिक बोझ बन जाता है । अत : मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि जमशेदपुर में घाटशिला और बहरागोड़ा के बीच एक AIIMS अस्पताल की स्थापना की जाए । इससे न केवल झारखंड, बल्कि ओडिशा और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों को भी लाभ मिलेगा । इस कदम से आदिवासी और पिछड़े समुदाय के लोगों को जीवनदायिनी चिकित्सा सुविधाएँ मिल सकेंगी, जो उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाएगी ।